हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

13 स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनेगा : गौतम



14 करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, जमकर खरीदारी



**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब बेचते व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गुरूनानकपुरा मोहल्ले में नाजायज शराब बेचते हुए युवक को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से 15 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि एएसआई सलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त व अपराध पड़ताल के लिए जागड़ा वाली गली, गुरुनानक पुरा मोहल्ला, फतेहाबाद में मौजूद थी। इस दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने पारिवारिक विवाद के दौरान हमला करने के दो आरोपियों को काबू किया है। युवकों की पहचान दीपक पुत्र हरि सिंह और विशाल गोदारा पुत्र हरि सिंह, निवासी ढाणी खेत, मोहम्मदपुर रोही के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई 17 सितम्बर को दर्ज मामले में की गई है।

### नशीली गोलियों के मुख्य सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जाखल पुलिस ने नशीली गोलियों के मुख्य सप्लायर को पंजाब से काबू किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बलवंत सिंह उर्फ गोरा पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी गांव कड़ेल, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। इससे पहले इसी प्रकरण में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 11 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 11 अक्तूबर शनिवार सायं 4:30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी तथा उनका समाधान संबंधित विभागों से करवाया जाएगा तथा कैशलैस, एलटीसी बारे जानकारी दी जाएगी।

### डोडा पोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी मामले में भट्टू कलां पुलिस ने मुख्य सप्लायर को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सतनाम सिंह उर्फ संतु पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी पीटीडी (बी) अलपीएम, जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना भट्टू कलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि यह कार्रवाई 2 सितम्बर को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में की गई है।

## मजदूरी बढ़ाने की मांग, फसल लेकर पहुंचे किसानों-आढ़तियों को परेशानी

# भट्टू अनाज मंडी में मजदूरों ने की हड़ताल, फसल की झराई-भराई ठप

- हड़ताल का नेतृत्व मजदूर यूनियन के उपप्रधान अनिल राठौड़ ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

भट्टूकलां अनाज मंडी में गुरूवार को झराई, उतराई और भराई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाले मजदूरों ने अचानक हड़ताल कर दी। मजदूर यूनियन के सैंकड़ों सदस्यों ने मंडी परिसर का कामकाज छोडक़र मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस हड़ताल से मंडी का सारा कामकाज ठप हो गया और फसल लेकर पहुंचे किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल का नेतृत्व मजदूर यूनियन के उपप्रधान अनिल राठौड़ ने किया। उनके साथ सुनील, सोनू, राजू, अजय, गुलशन, बलराम, भरता, सोनू देवी, वीना सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। मजदूरों की हड़ताल के चलते मंडी में आने वाली फसलों की झराई, भराई और ढुलाई पूरी तरह से ठप हो गई है। मजदूरों का कहना है कि यदि जल्द ही मार्केट कमेटी प्रशासन या आढ़ती संगठन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन रूप ले सकती है। वहीं, स्थानीय प्रशासन की ओर से इस विषय पर अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।





भट्टूकलां। मण्डी में रोष प्रदर्शन करते मजदूर व मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते मण्डी मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### किसान नेता ने मांग को जायज ठहराया

यूनियन उप प्रधान अनिल राठौड़ ने कहा कि वह वर्षों से मंडी में ईमानदारी से काम कर रहे हैं। मजदूरी बढ़ाने की मांग हमारी जरूरत है, न कि कोई मनमानी। जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक हम काम पर वापस नहीं लौटेंगे। धरने को समर्थन देते हुए किसान सभा के नेता विष्णु दत्त शर्मा ने मजदूरों की मांग को जायज ठहराया। उन्होंने कहा किअगर मजदूर परेशान हैं, तो उसका असर सीधे तौर पर किसानों पर भी पड़ता है।

### मार्केट कमेटी सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

मजदूरों ने मार्केट कमेटी सचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से उन्हें प्रति बैग सिर्फ 6 रुपये 50 पैसे मजदूरी दी जा रही है, जो आढ़तियों द्वारा दी जाती है। आज के समय में बढ़ती महंगाई को देखते हुए यह मजदूरी अत्यंत कम है और इससे उनका गुजारा करना बेहद मुश्किल हो रहा है। मजदूर यूनियन की मांग है कि प्रति बैग मजदूरी दर को 10 रुपये किया जाए, ताकि उन्हें भी सम्मानजनक जीवन यापन का अधिकार मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि वे पहले अपनी बात व्यापार मंडल के समक्ष भी रख चुके हैं, लेकिन भट्टू व्यापार मंडल के भंग हो जाने के कारण उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।



रतिया। एसडीएम कार्यालय पर धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान निर्भय सिंह।

## मांगों को लेकर निकाला ट्रैक्टर मार्च

# किसानों ने एसडीएम कार्यालय में दिया धरना

- पराली के उचित निपटारे के लिए 5 हजार रुपये प्रति एकड़ आर्थिक प्रोत्साहन राशि देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहाँ तहसील रतिया की ओर से गुरूवार को रतिया शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय में धरना भी दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला प्रधान निर्भय रतिया ने किया। धरने के बाद एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। जिला प्रधान निर्भय रतिया ने कहा कि यूनियन पिछले तीन-चार वर्षों से सरकार और प्रशासन से पराली समस्या के स्थाई समाधान की मांग कर रही है, परंतु सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

### नहीं हो रही सुनवाई

निर्भय रतिया ने बताया कि पिछले वर्ष एसडीएम रतिया और कृषि अधिकारी संदीप कुमार के कहने पर किसानों ने पराली को खेतों में ही मिक्स करके सुपर सीडर से गेहूं की बिजाई की थी, लेकिन उस दौरान सुंडी के प्रकोप से पूरी फसल नष्ट हो गई। किसानों ने कई बार प्रशासन से मिलकर समस्या रखी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके विरोध में आज ट्रैक्टर मार्च निकाला गया है। इस मौके पर अशोक कुमार, गगन भुल्लर, काला सिंह, भोला सिंह, कर्मा सिंह आदि मौजूद रहे। धरना दे रहे किसानों को एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

# कचरा डंपिंग प्वाइंट के स्थानांतरण की मांग

- बीएसएनएल कार्यालय के सामने गंदगी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

म्हारा स्वच्छ सुथरा फतेहाबाद का नारा देने वाली नगर परिषद द्वारा शहरभर में कचरा संग्रहण केंद्र ऐसे ऐसे जगहों पर बना रखे हैं, जो शहर की सुंदरता को मुंह तो चिढ़ाते ही हैं, आने जाने वाले लोगों की नाक में भी दम कर रखते हैं। बस स्टैंड के सामने और बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने तो बुरा हाल बना रहता है। इसी समस्या से परेशान बीएसएनएल के फतेहाबाद सहायक महाप्रबंधक ने नप प्रशासन को पत्र लिखकर बीएसएनएल कार्यालय के सामने कचरा डंपिंग प्वाइंट को स्थानांरित करने की मांग की।



फतेहाबाद। टेलीफोन एक्सचेंज के सामने लगा कूड़े का ढेर। फोटो : हरिभूमि

### रास्तें से गुजरना हुआ दुर्भर

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी को लिखे पत्र में सहायक महाप्रबंधक ने बताया है कि बीएसएनएल कार्यालय के सामने अस्थायी कचरा डंपिंग प्वाइंट बना दिया गया है। यहां नियमित रूप से कचरा डाला जा रहा है। जिससे सार्वजनिक जगहों पर कूड़ाकर्कट फैला रहता है और गंदगी के कारण मक्खी मच्छरों की भी भरमार हो गई है। हालात यह है कि यहां से गुजरना भी दुर्भर हो जाता है। कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों और यहां आने वाले आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है। एमएम कॉलेज को जाने वाले विद्यार्थियों को भी यहीं से गुजरना पड़ता है। लोगों के रोजाना आने जाने वाले इस प्रमुख सार्वजनिक स्थल का सौंदर्यीकरण भी बिगड़ रहा है।

### सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकना प्रतिबंधित

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फतेहाबाद के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश 26 जुलाई 2024 तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के तहत अब किसी भी सार्वजनिक अथवा अनधिकृत स्थान पर ठोस अपशिष्ट डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निर्धारित पर्यावरण क्षतिपूर्ति लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली बार गैर-बड़े अपशिष्ट डालने पर 5000 रुपये तथा पुनः उल्लंघन पर 10000 रुपये का जुर्माना लगेगा। वहीं, बल्क अपशिष्ट डालने पर पहली बार 25000 रुपये और पुनः उल्लंघन करने पर 50000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# मम्मड़ नहर टूटी, खेतों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- गांव सुबाखेड़ा के पास नहर में करीब 60 फुट की दरार

जिला के गांव सुबाखेड़ा के पास गुरुवार को मम्मड़ माइनर टूटने से आसपास के खेतों में खड़ी नरमा व धान की फसल में पानी भर गया है। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मनरेगा मजदूरों व ग्रामीणों के सहयोग से 60 फुट चौड़ी दरार को पाटने के लिए जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉलियां मौके पर लाई गई। किसानों के अनुसार नहर टूटने से तैयार धान की फसल को काफी नुकसान होने की आशंका है। किसान रविंद्र, किकर सिंह आदि ने बताया कि कुछ जमीन उनकी है तो कुछ जमीन उन्होंने ठेके पर लेकर धान की बिजाई की थी और धान पक तैयार था। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी भरने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।



सिरसा। मम्मड़ नहर टूटने से नरमा के खेतों में भरा पानी।

### सिंचाई विभाग ने नहीं उठाए ठोस कदम

किसानों ने बताया कि मम्मड़ नहर में जब भी पानी आता है तभी यह टूट जाती है। सिंचाई विभाग को पता होने के बावजूद भी नहर की कमजोर पटरियों पर मिट्टी डालकर मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए जिस कारण मम्मड़ नहर बार-बार टूट जाती है। साथ ही किसानों ने बताया कि दो सप्ताह के बाद नहर में पानी आया था जिससे आज अनेकों किसान अपनी नहरी पानी की बारी लगाने से वंचित रह गए।

## लकड़ी आरा संचालक गिरफ्तार हेरोइन और कारतूस बरामद

**फतेहाबाद।** नशे और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद टीम ने लकड़ी आरा संचालक को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से 10.10 ग्राम हेरोइन तथा 7 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एएसआई सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि विक्रम पुत्र जय सिंह निवासी काठमंडी, बीघड़ रोड फतेहाबाद जो लकड़ी का आरा चलाता है, नशे की तस्करी में लिप्त है और अपने मकान व आरा पर हेरोइन बेचता है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 42 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उच्च अधिकारियों को सूचित किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड की। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही एक युवक आरा की ओर भागने लगा, जिसे टीम ने शक के आधार पर काबू किया।



# मनरेगा मैट पर धांधलबाजी के आरोप

- फर्जी तरीके से हाजरियां लगाकर लाखों के वारे-न्यारे करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

गांव चामल के कुछ ग्रामीणों ने गांव में मनरेगा का कार्य देख रहे मैट वेदप्रकाश पर धांधलीबाजी के आरोप लगाए हैं। वहीं शिकायतों पर कार्रवाई न होने पर उपायुक्त कार्यालय में धरने की चेतावनी दी है। ग्रामीण किशन सिंह ने वीरवार को सिरसा में सुबह मीडिया से रू-ब-रू होते हुए बताया कि करीब 150 ग्रामीणों का मनरेगा के तहत पंजीकरण है। इसमें मनरेगा मैट ने दर्जनों लोगों को अपने चहेतों व परिवार के लोगों को शामिल किया हुआ है। मैट द्वारा फर्जी तरीके से इन सभी की हाजरियां लगाकर लाखों के वारे-न्यारे किए जा रहे हैं।



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण किशन सिंह खालसा।

### धरने की दी चेतावनी

खालसा ने कहा कि पिछले लंबे समय से गांव में ये सिलसिला अनवरत चल रहा है, लेकिन जैसे ही उन्हें इस संबंधी पता चला तो उन्होंने तुरंत इस संबंधी मनरेगा मैट से बात की, लेकिन उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने मनरेगा के तहत करवाए गए कार्यों का रिकॉर्ड निकलवाया तो फर्जीवाड़ा स्पष्ट हो गया। इस पर उन्होंने बीडीपीओ से लेकर उपायुक्त तक को शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया कि अगर जल्द इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें मजबूरन उपायुक्त कार्यालय में धरना लगाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# भट्टू मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन ने छोड़ा पद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

15 दिन पहले ही किया था पद ग्रहण

15 दिन पहले ही भट्टू मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन बने योगराज शर्मा ने गुरूवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। उनका कहना है कि उनकी इस पद को लेकर कोई रूचि नहीं थी और उनसे बिना पूछे ही उन्हें वाइस चेयरमैन बना दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में योगराज शर्मा ने कहा कि उन्हें मार्केट कमेटी का वाइस चेयरमैन बनाया गया था। इसके लिए वह पूर्व विधायक दुड़ाराम का आभार व्यक्त करते है लेकिन वह तो इस पद को लेने में कभी इंट्रेस्टेड नहीं थे। उनसे बिना पूछे बनाया गया है। वह अपनी घरेलू व्यस्तताओं की वजह से पद को संभालने में अपने आपको असमर्थ पाते हैं, इसलिए इस पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी या पूर्व विधायक जिसको चाहे, उसको वाइस चेयरमैन बना सकते हैं।



योगराज शर्मा।

## दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

# नशे की ओवरडोज से एक और युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली

कालांवाली कस्बा के गांव सिंघपुरा में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मृतक युवक के भाई जगपाल सिंह की शिकायत पर गांव के दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने बताया की नेश की ओवरडोज से उसके भाई की मौत हुई है।

### अन्य मामला

उधर, पुलिस ने गांव गदराना में नशे के अधिक सेवन से हुई मौत मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरप्रीत सिंह व अमरीक सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल भी बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में तारा सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया था।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद पुलिस टीम ने फतेहाबाद-हिसार रोड पर सन स्टार होटल के सामने नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 15.022 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि एएसआई भूपिंद्र सिंह अपनी टीम के साथ फतेहाबाद क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान जब टीम एनएच-9 स्थित सन स्टार होटल के सामने वाहनों की जांच कर रही थी, तभी एक युवक मोटरसाइकिल पर हिसार की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और पीछे मुडऩे की कोशिश करने लगा, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

**समस्या** लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर का आयोजन

# जांडली में पेयजल समस्या, डीसी ने दिए टैंकों की मरम्मत के निर्देश

उपायुक्त ने सुनीं लोगों की शिकायतें, मौके पर समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त ने संतोष देवी व अन्य की पेंशन रुकने संबंधी शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत जांच कर पेंशन बहाल करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार फैमिली आईडी में पिता का नाम हटने व बाहरी व्यक्ति के जुडऩे की शिकायत पर उन्होंने क्रिड विभाग को जांच कर सही प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जांडली खुर्द गांव में पेयजल समस्या पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग को टैंकों की मरम्मत कर सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करे

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। सभी विभाग जनहित से जुड़ी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, डीएसपी जगदीश काजला, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### फुटबॉल टीम के चयन के लिए ट्रायल आज

**फतेहाबाद।** जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि हरियाणा स्टेट ऑलंपिक गेम्स-2025 में फुटबॉल टीम के चयन हेतु 10 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे राजकीय महाविद्यालय भूना के खेल मैदान में जिला स्तर पर ट्रायल करवाए जाने है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल के समय हरियाणा निवास, आधार कार्ड की प्रति व फोटो साथ लेकर आएं।

### धौलू में जागरुकता कैंप का किया आयोजन

**फतेहाबाद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के सहयोग भूना खंड के गांव धौलू में इफको द्वारा जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने स्थानीय किसानों को फसल अवशेषों के स्थायी प्रबंधन के लिए प्रभावी रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाने, प्रदूषण को कम करने और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए जागरूक किया।

### ड्रग पीड़ितों की पहचान कर कराई काउंसलिंग

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज नशा मुक्ति टीम ने गांव ढाबी कलां व बीघड़ में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एसआई सुंदर सिंह के कुशल नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले गांव ढाबी कलां में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस सभा में पंचायत सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों, युवा वर्ग और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पुलिस ने गुम हुए मोबाइल मालिकों को लौटाए

**डबवाली।** साइबर पुलिस शाखा डबवाली ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए 10 शिकायतों का निपटारा कर गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने वीरवार को अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिकों को बुलाकर उन्हें सौंपे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सेल प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने साइबर सेल ने प्राप्त शिकायतों का निपटारा करते हुए 10 मोबाइल फोन की बरामदगी की है।

### कालेज में करवा चौथ पर्व पर मेंहदी समारोह आयोजित

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा महाविद्यालय में कलचरल कमेटी की ओर से करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य पर मेंहदी समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि ऐसे समारोह छात्रों मे उत्साह एवं उल्लास का संचार करते हैं इस तरह के पर्वों का आयोजन होते रहना चाहिए तांकि लोग अपनी संस्कृति से जुडे रहें। मेंहदी समारोह में छात्रों ने उत्साहित होकर बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

---

### नेहरू प्राइवेट आईटीआई में कार्यक्रम का आयोजन

# स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनेगा : गौतम

- आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में खेल राज्यमंत्री ने बतौर मुख्यातिथि किया संबोधत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि विकसित भारत का मूल आधार आत्मनिर्भर भारत है और इसका रास्ता स्वदेशी से होकर गुजरता है। देश तभी वास्तविक रूप से विकसित हो सकेगा, जब हम उन्हीं उत्पादों को अपनाएंगे जिनमें भारत के किसानों और मजदूरों का पसीना शामिल है। इससे न केवल वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, बल्कि देश भी मजबूती की राह पर आगे बढ़ेगा। वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नेहरू प्राइवेट आईटीआई, अलीकां में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के सामने यह विजन रखा है कि 2047 तक, जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का रास्ता स्वदेशी से होकर ही जाता है। हमें वही वस्तुएं खरीदनी चाहिए जिनमें भारत की मिट्टी की सुगंध और हमारे मजदूरों का पसीना हो।

उन्होंने बताया कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी। अगर हम भारत में बने उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तो न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश का तकनीकी और औद्योगिक विकास भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई योजनाएं जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल सभी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे देश के युवाओं, किसानों और मातृशक्ति द्वारा निर्मित उत्पादों को अपनाएं ताकि आने वाली पीढियां भी गर्व महसूस करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर काम कर रही है और सभी क्षेत्रों में समान विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

#### नागरिकों को स्वावलंबी बनाना उद्देश्य

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का उद्देश्य देश के हर नागरिक को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अभियान के जरिए भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारत एक वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वदेशी की ओर लौटेंगे, तो भारत निश्चित रूप से दुनिया की सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में शुमार होगा। इस अवसर पर हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, भाजपा जिलाअध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, बलदेव सिंह मांगेआना, सतीश जग्गा, विजयंत शर्मा,कृष्ण चौहान, निशान जोसन, बेगो रानी, मोहिंदर बंसल, हरजिंदर सिंह, नवदीप सरा, जसवंत जाखड़, परमजीत सिंह जोतांवाली सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

---

# स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में छाए द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी

- अर्पित और युवान ने अपने दमदार खेल से रजत पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में विजेता खिलाड़ी।

अंबाला में आयोजित स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर अपने क्लब, गुरु और माता-पिता का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में क्लब के आठ खिलाडियों ने भाग लिया, जिनमें से सात खिलाडियों ने पदक हासिल कर इतिहास रच दिया। पुरुष वर्ग में जीवराज, रोहन और अंकुश ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीते। अर्पित और युवान ने अपने दमदार खेल से रजत पदक हासिल किया, वहीं बादल ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा महिला वर्ग में सिमोन ने बेहतरीन मुक्केबाजी करते हुए रजत पदक, हिमांशी ने कांस्य पदक हासिल किया। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर ओलंपियन एवं अर्जुन अवॉर्डी कोच जयभगवान, इंटरनेशनल बॉक्सिंग कोच डॉ. राजीव गोदारा, अकैडमी कोच प्रदीप कुमार व प्रवीन कुमार ने खुशी जताई तथा खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

### मकान की छत गिरी बाल-बाल बची महिला

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टू क्षेत्र के गांव किरढान में महिला के घर की छत अचानक गिर गई। हादसे के वक्त महिला घर में ही मौजूद थी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गई। छत गिरने से घर का काफी सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। सुबह ग्रामीणों ने मलबा हटाने में महिला की मदद की। इसके बाद पंचायत व प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है, ताकि महिला की कुछ मदद हो सके। ग्रामीणों के अनुसार, महिला शांति देवी मकान में अकेली रहती है। उसके पति का करीब 15 साल पहले, जबकि बेटे का कुछ साल पहले निधन हो चुका है। मकान पुराना होने के कारण काफी जर्जर हालत में है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण छत में सीलन आ गई थी।

### मानवीय मूल्यों को मिलेगा बढ़ावा

# सीडीएलयू सिरसा ने शुरू की 'नेकी की दीवार' पहल

- आर्थिक रूप से कमजारे लोगों को वितरित किया जाएगा जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने सामाजिक सरोकार और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'नेकी की दीवार' की पहल शुरू की है। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित इस दीवार पर कोई भी नागरिक अपने पुराने या नए कपड़े दान कर सकता है, जिन्हें जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में वितरित किया जाएगा। इस पहल का शुभारंभ उपायुक्त शंतनु शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया, पुलिस अधीक्षक मयंक गुप्ता व कुलपति प्रो. विजय कुमार द्वारा किया गया। 'नेकी की दीवार' के माध्यम से शहर का कोई भी नागरिक निःस्वार्थ भाव से दान कर समाज सेवा में योगदान दे सकता है। इस पहल से न केवल विश्वविद्यालय परिसर के सामने तैयार होने वाले मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु अस्थायी रूप से रह रहे मजदूर परिवार लाभान्वित होंगे, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

---

### 700 विद्यार्थियों की हुई जांच

# लायंस क्लब भूना की ओर से स्वास्थ्य चेकअप कैंप आयोजित

**भूना।** लायंस क्लब भूना के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूना में एनीमिया व स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ क्लब के जोन चेयरमैन अशोक कत्याल ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के सचिव डॉ. प्रवीण मुंजाल ने की।

कैंप के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. राजकुमार शर्मा व पूर्व प्रधान अनिल भूटानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के लगभग 700 विद्यार्थियों की मेडिकल जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों के रक्त के सैंपल लिए गए और उन्हें एनीमिया सहित अन्य रोगों से बचाव के लिए जरूरी दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी दी गई। क्लब प्रधान राहुल कंबोज और दिनेश भूटानी ने विद्यालय प्राचार्य नरेश शर्मा द्वारा कैंप के लिए किए गए विशेष प्रबंधों के लिए आभार जताया।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

- यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एसपी सिद्धांत जैन।

जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलेभर से यातायात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वर्तमान ट्रैफिक व्यवस्था, मौजूदा चुनौतियाँ तथा संभावित सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह, फतेहाबाद यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह, रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक भीम सिंह, टोहाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार, उपनिरीक्षक राहुल, सेना लिपिक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित अनेक ट्रैफिक कर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### दिए निर्देश

बैठक में जिले के प्रमुख दुर्घटनास्थलों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरतने और समुचित सुरक्षा उपाय लागू करने पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप्स लगाए जाएं ताकि वाहन चालकों को गति कम करने की चेतावनी मिल सके। साथ ही, तीव्र मोड़ों एवं अंधेरे स्थानों पर कैट-आई लाइट्स तथा रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए जाएं, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए दो ट्रैफिक कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सिपाही प्रीता ने थाना यातायात में जिलेभर के डाटा के संचालन एवं सुव्यवस्थित रखरखाव में सराहनीय कार्य किया।

### करवा चौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में करवाचौथ के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि पारंपरिक समय में मेहंदी टिक्कों के रूप में लगाई जाती थी। वर्तमान समय में अलग-अलग डिजाइनों के रूप में मेहंदी लगाई जाने लगी है। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्राओं ने अपनी हथेलियां पर सुंदर और रचनात्मक मेहंदी डिजाइनों को प्रस्तुत किया, साथ ही यह भी बताया कि परंपरा और कला का यह संगम नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक जागरूकता की एक सुंदर मिसाल है।

---

# पीएम ने देश की जनता में आत्मविश्वास जगाने का कार्य किया : रेणु डाबला

- आत्म निर्भर भारत एवं जीएसटी रिफोर्म विषय पर बीजेपी द्वारा विधानसभा सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सम्मेलन में उपस्थित भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

बीजेपी जिला कार्यालय में 'आत्म निर्भर भारत एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म' विषय पर फतेहाबाद विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा की प्रदेश सचिव एवं रोहतक नगर निगम की पूर्व मेयर रेणु डाबला ने शिरकत की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की, जबकि कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक दूड़ाराम ने नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। मुख्य वक्ता रेणु डाबला ने अपने संबोधन में आत्म निर्भर भारत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता में आत्मविश्वास जगाने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। आज देश का हर नागरिक स्थानीय उत्पादों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बन रहा है। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि भारत की आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग है।

### कर्मचारी संघ ने उठाई वाईफाई और लैपटॉप की मांग

**भट्टूकलां।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के नाम डॉ. सुशील कुमार को मांग पत्र सौंपा है। संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में वर्षों से मोबाइल पर किए जा रहे ऑनलाइन कार्यों की परेशानियों को साझा करते हुए विभाग से तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता की मांग की। प्रधान कमला देवी के साथ बीरबाला, सरोज बाला, फूल कुमारी, ज्योति, कश्मीरी लाल, प्रवीण कुमार, जगमोहनदर आदि कर्मचारियों ने बताया कि वे बीते कई वर्षों से अपने व्यक्तिगत मोबाइल फोनों के माध्यम से विभागीय ऑनलाइन कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते आ रहे हैं। चाहे वह डाटा एंट्री हो, रिपोर्ट भेजना हो, या विभागीय आदेशों का पालन, सभी कार्य उन्होंने मोबाइल के माध्यम से समय पर पूर्ण किए हैं।

# चावल व्यापारी के लाखों रुपये चोरी करने करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

- अपराध और आर्थिक धोखाधड़ी करने वालों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराध और आर्थिक धोखाधड़ी के मामलों पर लगातार शिकंजा कसते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने चोरी व विश्वासघात से जुड़े एक मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील उर्फ सुखा पुत्र राजेश कुमार निवासी पिचोया खुर्द, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि यह मामला व्यापारी पुरषोतम जिन्दल पुत्र डुंगर मल निवासी नया पड़ाव, जिला रोहतक हाल निवासी टोहाना द्वारा दी गई शिकायत पर दर्ज किया था।

#### 9,46,500 रुपये लेकर हुआ था फरार

शिकायत के अनुसार, उनके पास ड्राइवर आनंद पुत्र रमेश कुमार निवासी बिरथी कला, जिला दादरी हाल निवासी गांव कलानौर, जिला रोहतक कार्यरत था। 8 अक्टूबर 2024 को शिकायतकर्ता को दो व्यापारियों की ओर से लगभग 9,46,500 रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई थी, जिसे उन्होंने अपनी दुकान की अलमारी में सुरक्षित रख दिया था। शाम करीब 8 बजे जब वह नीचे चाय पीने गए, तो पीछे से ड्राइवर आनंद ने मौके का फायदा उठाते हुए अलमारी से 9,46,500 रुपये और अन्य नकदी चोरी कर फरार हो गया। जब शिकायतकर्ता वापस दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने अलमारी खुली पाई और सारा नकद पैसा गायब था। कई बार फोन करने के बावजूद ड्राइवर आनंद ने कॉल रिसीव नहीं की और बाद में फोन बंद कर लिया। अगले दिन शिकायतकर्ता ने अपने परिचितों के साथ आनंद के घर कलानौर जाकर जांच की, परंतु वह घर पर मौजूद नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 11 अक्टूबर 2024 को मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान दो आरोपियों को पहले ही काबू कर लिया गया थ।

---

# प्रदेश में प्रॉपर्टी आईडी व्यवस्था में गड़बड़ी करोड़ों रुपये का टैक्स बकाया: सैलजा

- सांसद कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में प्रॉपर्टी आईडी को लेकर आम जनता गंभीर परेशानी का सामना कर रही है। प्रदेशभर में नगर परिषदों और नगरपालिकाओं की करोड़ों रुपये संपत्तियों की आईडी गलत बन चुकी हैं, जिसके कारण लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सरकार की लापरवाही से करोड़ों रुपये का टैक्स बकाया पड़ा है, जिसकी वसूली में कोताही बरती जा रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने गुरुवार को मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि हाल ही में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार प्रदेश में 5092 करोड़ रुपये से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, जिसमें सिरसा जिला सबसे ऊपर है। यहां 553 संपत्तियों पर 2309.60 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया बताया गया है। यह साफ दर्शाता है कि प्रदेश सरकार और उसकी एजेंसियों ने प्रॉपर्टी टैक्स सिस्टम को सुधारने के बजाय आम जनता को उलझाने का कार्य किया है। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बार-बार यह मांग की है कि प्रॉपर्टी आईडी का सत्यापन घर-घर जाकर किया जाए, ताकि वास्तविक आंकड़े सामने आएं और लोगों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आज स्थिति यह है कि आम लोग अपनी प्रॉपर्टी आईडी को सही करवाने के लिए नगर परिषदों के 10-10 चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जबकि सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा की गई आत्महत्या की दुखद घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। यह न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। एक ईमानदार अधिकारी को यदि सिस्टम की विफलताओं के कारण ऐसा कठोर कदम उठाना पड़े तो यह बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष, उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है।

**अभियान** डीजीपी ने कहा-मिलकर करेंगे नशा तस्करों का सफाया

# नारकोटिक्स ब्यूरो के डीजीपी से मिले भवानी सिंह, नशामुक्ति अभियान की दी जानकारी

### महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के किए कार्यों की सराहना की

- टोहाना में फैली नशे की समस्या से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में युवाओं को जागरूक कर नशे से दूर करने और नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा अभियान सराहनीय है। अगर सामाजिक संस्थाएं और आमजन सहयोग करें तो समाज को पूरी तरह नशामुक्त किया जा सकता है। यह बात हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजीपी ओपी सिंह ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक भवानी सिंह से बातचीत में कही। भवानी सिंह ने डीजीपी ओपी सिंह से चंडीगढ़ में मुलाकात कर ट्रस्ट द्वारा समाज को नशामुक्त करने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डीजीपी को फतेहाबाद, रतिया, टोहाना में फैली नशे की समस्या से अवगत करवाया और इस पर किस तरह काबू पाया जा सकता है, इसको लेकर विस्तार से चर्चा की। डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि नशा किसी भी समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीमें प्रदेशभर में सक्रियता से काम कर रही है। फतेहाबाद में भी कई बड़े नशा तस्करों को पकडक़र जेल भेजा गया है।



फतेहाबाद। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात करते भवानी सिंह।

#### आमजन से की अपील

भवानी सिंह ने डीजीपी को फतेहाबाद में नशों का अड्डा बने स्थानों के बारे में भी जानकारी दी और इन क्षेत्रों में नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम को ज्यादा एक्टिव करने का आग्रह किया। इस पर डीजीपी ओपी सिंह ने आश्वासन दिया कि ट्रस्ट टीम को कहीं भी नशा बिकने की सूचना मिले, वह इसे नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम के साथ सांझा करे, नशा तस्करों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को नशा बेचने वालों बारे कोई जानकारी मिले तो वह इसकी सूचना हैल्पलाइन नंबर 1933 पर कॉल करके दे सकता है। सूचना देने वाला का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महिला उद्यमियों को अनुदान राशि के चेक किए वितरित

**सिरसा।** हरियाणा महिला विकास निगम सिरसा द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। निगम की जिला प्रबंधक एवं उप निदेशक डा. दर्शना सिंह ने 13 महिलाओं को चार लाख 16 हजार रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरित किए।

### परीक्षाओं के लिए 20 अक्तूबर तक भरें फॉर्म

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में स्थित इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इग्नू की दिसंबर 2025 में होने वाली टर्म एंड एग्जामिनेशन्स परीक्षाओं का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए पोर्टल खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने फॉर्म आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फार्म जमा करने के लिए पोर्टल 20 अक्तूबर 2025 तक बिना लेट फीस के साथ खुला रहेगा।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**डिंग।** राजकीय महाविद्यालय डिंग मंडी में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता ने छात्रों में मौजूद विविध प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल छात्रों की प्रतिभा की पहचान करना था, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और रचनात्मकता के नए आयामों से परिचित कराना भी था। यह बात प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार ने कही।

### समाधान शिविर में आई 16 शिकायतें

**सिरसा।** जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने वीरवार को समाधान शिविर में जनशिकायतें सुनी और उपस्थित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी समस्या में ढिलाई न बरती जाए और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में 16 शिकायतें आईं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए सिफारिशें आमंत्रित

**सिरसा।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। इन पुरस्कारों के लिए आवेदन के लिए आवेदक अपना संपूर्ण बायोडाटा सहित संबंधित ब्लॉक के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय में 16 दिसंबर तक जमा करवाएं ताकि आगामी प्रक्रिया की जा सकें।

### फतेहाबाद में 21 अक्टूबर को मनाई जाएगी दीपावली

**फतेहाबाद।** हिंदू धर्म में दीपावली के पर्व का विशेष महत्व है। दीपों के इस त्योहार का इंतजार हर किसी को बेसब्री से रहता है. लेकिन, इस बार लोगों में दिवाली की तारीख को लेकर भारी संशय बना हुआ है। कोई कह रहा है दीपावली 20 अक्टूबर को है तो कुछ लोग 21 अक्टूबर को दिवाली मनाने की बात कर रहे हैं।

### लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** नगराधीश गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नगराधीश गौरव गुप्ता ने कहा कि एसएमजीटी पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का 48 घंटे के अंदर समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन की समस्याओं का निवारण शीघ्रता से हो सके। पोर्टल जनता और प्रशासन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए अधिकारियों को इसमें दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेना चाहिए।

## ब्यूटी पार्लर, गहने, सौंदर्य प्रसाधनों का महिलाएं कर रही जमकर प्रयोग

# करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, जमकर खरीदारी

मेहंदी लगाने वाले कलाकारों की फुल बुकिंग रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बीते कई दिनों से सुहागिन महिलाओं के उत्साह से शहर के बाजारों में काफी गहमागहमी है। प्रेम, समर्पण और पारिवारिक बंधनों के प्रतीक इस त्यौहार में जहां महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, वहीं, बाजारों में महिलाओं की भीड़ ने खरीददारी को चरम पर पहुंचा दिया है।

शहर के मुख्य बाजारों मोहता मार्केट, पालिका बाजार, सदर बाजार और अन्य स्थानीय बाजारों में काफी चहल-पहल है। महिलाएं करवा, सजावटी छलनी, थालियां, पीतल के लोटे, सीक, साड़ियां, गहने, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी और सोलह श्रृंगार का सामान जमकर खरीद रही हैं। स्टील के करवों की कीमत 250 से 1000 हो चुकी है वहीं मिट्टी के सेट 40-100 रुपए में बिक रहे हैं। साड़ियों और रेडिमेड सूटों की दुकानों पर रंग-बिरंगी चूड़ियां और आर्टिफिशियल ज्वेलरी की बहुत मांग है। सजावटी थालियां और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ गई है। मेहंदी लगाने वालों की डिमांड का आलम यह है कि सभी मेहंदी लगाने वाले कलाकारों की फुल बुकिंग हो चुकी है।



सिरसा। करवाचौथ को लेकर हाथों पर मेहंदी रचवाते महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस के चॉक चौबंद प्रबंध

पुलिस ने भीड़ प्रबंधन के लिए बाजारों में चार पहिया वाहनों पर रोक लगाई, जिससे पैदल यातायात बढ़ा लेकिन जाम की समस्या बढ़ गई है। पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिस के सिपाहियों के अलावा सादी वर्दी में पुलिस के जवानों की तैनाती की है। हर चौक-चौराहे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस जुटी है।

### महिलाओं ने लगवाई मेहंदी

**फतेहाबाद।** करवा चौथ के उपलक्ष्य में धर्मशाला रोड पर स्थित स्वर्णकार सेवा सदन में वीरवार को मेहंदी रचाओ उत्सव का आयोजन किया गया। स्वर्णकार सेवा सदन के प्रधान कृष्ण सोनी की देख रेख मे आयोजित इस कार्यक्रम मे स्कूली बच्चों नें सुहागिनो के हाथों में मेहंदी रचाई। इस उत्सव में महिलाओं मे भारी उत्साह देखा गया और काफी संख्या में महिलाओं ने उत्सव में पहुंचकर हाथों पर मेहंदी लगवाई। बता दें शुक्रवार को करवा चौथ व्रत के दिन भी सुहागिनें एकत्रित होकर सात श्रृंगार करेंगी और शाम को कथा का कार्यक्रम होगा। उसके बाद महिलाये चांद देखने के बाद अन्न जल ग्रहण करेंगी। इस अवसर पर सुमन सोनी, अनिता सोनी, ज्योत्सना, मंजू मेहता, खुशी सोनी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### छात्राओं ने रचाई मेहंदी

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में आज मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं बढ़-चढक़र भाग लेकर अपनी कला का परिचय दिया। छात्राओं ने एक दूसरे के हाथों में मेहंदी के एक से बढक़र एक डिजाइन बनाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की डायरेक्टर अमनदीप कौर ने सभी छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए, क्योंकि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता है। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पाने वाली सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका पूजा मेहतानी, पूनम व किरण जांगड़ा ने निभाई। प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।



सिरसा। तनिष्क स्टोर पर मेहंदी दिखाती महिलाएं।

### परंपरा की सुगंध से महका माहौल

**सिरसा।** करवा चौथ के पावन अवसर पर तनिष्क सिरसा स्टोर ने महिलाओं के लिए एक रंगारंग मेहंदी उत्सव का आयोजन किया, जिसने पूरे शहर में उत्साह और उमंग का वातावरण बना दिया। इस विशेष अवसर पर तनिष्क ने न केवल अपने शानदार गहनों की चमक बिखेरी, बल्कि एक ऐसा मंच भी तैयार किया जहाँ परंपरा, सौंदर्य और अपनापन एक साथ नजर आया। सुबह से ही तनिष्क सिरसा स्टोर में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब मेहंदी लगवाने पहुंचीं, तो पूरा स्टोर त्योहार की रौनक से जगमगा उठा। रंग-बिरंगी फूलों की सजावट, पारंपरिक संगीत और सुगंधित महक से भरा माहौल हर किसी को अपनी ओर खींच रहा था। मेहंदी कलाकारों ने महिलाओं के हाथों पर सुंदर और आकर्षक डिज़ाइन बनाए, वहीं स्टोर टीम ने सभी ग्राहकों का स्वागत करते हुए उन्हें करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने इस दौरान तनिष्क के स्पेशल करवा चौथ ज्वेलरी कलेक्शन की खरीदारी करते हुए नवीनतम डिजाइनों की भी जमकर प्रशंसा की।



फतेहाबाद में हाथों पर मेहंदी लगवाती महिलाएं।

# अधिकारियों पर विवादित बयान से बढ़ीं मुश्किलें

- हरियाणा व्यापार मंडल अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अधिकारियों का कॉलर पकड़ने, छित्तर परेड करने जैसे ब्यान देने वाले हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग की मुश्किलें बढ़ सकती है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर दुकानों के बाहर की गई तोडफ़ोड़ के विरोध में टोहाना में व्यापारियों द्वारा बाजार बंद किया गया था। इस दौरान हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग ने अधिकारियों पर जमकर तीखे बाण छोड़े थे। उनके इन ब्यानों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। नगर परिषद टोहाना के कार्यकारी अधिकारी और फतेहाबाद के जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने बजरंग गर्ग खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम टोहाना को पत्र लिखा है। एसडीएम आकाश शर्मा ने इस शिकायत को आगामी कार्रवाई के लिए डीएसपी टोहाना को भेज दिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में बजरंग गर्ग की मुश्किलें बढ़ सकती है। टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने गुरूवार को पत्र मिलने की पुष्टि की है।



फतेहाबाद। टोहाना में व्यापारियों को संबोधित करते बजरंग दास गर्ग। (फाइल फोटो)

### नपा ने अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया अभियान

नगर परिषद टोहाना द्वारा भेजे गए पत्र में डीएमसी ने कहा है कि नगर परिषद ने शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए एक अभियान चलाया था। इसके विरोध में व्यापारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया और 29 सितंबर को टोहाना बंद का आह्वान किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग भी टोहाना पहुंचे थे। आरोप है कि बजरंग गर्ग ने अपने भाषण के दौरान भीड़ को उकसाने के लिए अधिकारियों का कॉलर पकडने, छित्तर परेड करने और अन्य अपशब्दों का प्रयोग किया। नगर परिषद ने इन बयानों के आधार पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

## श्रीमत सिटी सेंटर की लांचिंग पर सुंदरकांड पाठ

- अजय याग्निक ने बालाजी की महिमा का बखान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर सिरसा के सबसे बेहतरीन कमर्शियल प्रोजेक्ट श्रीमत सिटी सेंटर की लांचिंग मौके पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कथा वाचक अजय याग्निक ने सुमधुर वाणी में बालाजी का गुणगान किया। इस मौके पर स्व. सुखबीर सिंह जैन के पारिवारिक सदस्यों तथा श्रीमत टेक्सवर्थ के निदेशक आशुतोष गुप्ता, प्रमोटर ललित जैन, राजीव जैन, संजीव जैन, निदेशक माधव जैन, चेतन्य जैन, रिषभ जैन, नमन गुप्ता, विक्रम जैन ने श्रीबालाजी का पूजन किया। कथा वाचक अजय याग्रिक ने अपनी टीम के साथ बालाजी महाराज का आह्वान किया और बड़े सरल अंदाज में बालाजी की महिमा का बखान किया। इस धार्मिक आयोजन में उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना चौटाला, भाजपा नेता गोविंद कांडा, नप चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप भट्टी, कांग्रेस नेता राजेश चाडीवाल, नवीन केडिया, अरविंद बंसल, अनिल गनेरीवाला, संजय गोयल सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बालाजी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई और जैन परिवार को इस शानदार प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी।



सिरसा। सिटी सेंटर में श्री सुंदरकांड पाठ करते हुए।

## रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसो. का गठन, भीम सिंह बने डिपो प्रधान



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारी।

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद के प्रांगण में हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग की अध्यक्षता कर्मचारी नेता राजाराम हुड्डा द्वारा की गई। मीटिंग में हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद के सभी मिनिस्ट्रियल स्टाफ ने भागीदारी ली और अपने-अपने विचार रखें। मीटिंग में सर्व सहमति से डिपो कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें राजाराम हुड्डा को चेयरमैन और भीम सिंह चक्का को डिपो प्रधान चुना गया। इसके अलावा पवन सिंह बूरा को वरिष्ठ उपप्रधान, सुनील गुर्जर को उपप्रधान, मनजीत कुमार को सचिव, स्वर्णा देवी को कैशियर, मोहित कुमार को सहसचिव, रघुवीर सिंह को प्रैस सचिव, जावेद खान को ऑडिटर तथा संजीव कुमार को सलाहकार चुना गया। नवचयनित डिपो प्रधान भीम सिंह चक्का ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनका आभार जताया और कहा कि डिपो में कार्यरत सभी कर्मचारियों के हितों और उनकी मांगों व समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रत्येक कर्मचारी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# क्रिकेट में एपेक्स स्कूल ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सतीश कालोनी स्थित एपेक्स पब्लिक स्कूल की अंडर-17 क्रिकेट टीम ने 58वीं स्कूल स्टेट टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए फस्ट रनर-अप रहकर जिले का नाम रोशन किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक से बढक़र एक जीत दर्ज की। टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सिरसा को 20 रनों से, क्वार्टर फाइनल में सोनीपत को 40 रनों से और सेमीफ़ाइनल में रोहतक को 4 विकेट से हराकर शानदार अंदाज में फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में टीम का मुकाबला रेवाड़ी से हुआ।



फतेहाबाद। विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

### एपेक्स स्कूल ने पाया सिल्वर मेडल

फाइनल में एपेक्स स्कूल टीम का मुकाबला रेवाड़ी से हुआ, जिसमें टीम को कड़े संघर्ष के बाद हार का सामना करना पड़ा, लेकिन खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल हासिल कर स्कूल और जिले का मान बढ़ाया। टीम के खिलाड़ियों रुद्राक्ष शर्मा, अमन चोपड़ा, दिलमाही तूर, कार्तिक जांगड़ा, सक्षम नागपाल, कमल नायक, विराट जाताना और तनिष अरोड़ा ने पूरे टूर्नामेंट में उम्दा प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम के कोच पारस कम्बोज को स्कूल प्रबंधन ने इस अवसर पर बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के पैटर्न सतीश चरईपोत्रा, डायरेक्टर अंशुल चरईपोत्रा, स्पर्श चरईपोत्रा, प्रधानाचार्य विनोद अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल सुमेधा तनेजा और हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट सुंदीप ने टीम को शुभकामनाएं दीं।



फतेहाबाद। पूर्व विधायक दुड़ाराम को सम्मानित करते अल्फा वेलफेयर रेजिडेंशियल सोसाइटी के सदस्य।

### दुड़ाराम को पगड़ी पहनाकर जताया आभार

**फतेहाबाद।** अल्फा इंटरनेशनल सिटी की प्रमुख मांगे स्वीकार करने व समाधान करने पर अल्फा सिटी के निवासियों व फतेहाबाद अल्फा वेलफेयर रेजिडेंशियल सोसाइटी ने पूर्व विधायक ढुड़ाराम का आभार जताया। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य सीपी आहुजा, पूर्व प्रधान देवेन्द्र पुनियां, डॉ. विनोद शर्मा व जगदीश शर्मा ने पूर्व विधायक को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सोसाइटी के प्रधान विजय मेहता, महासचिव डॉ. पृथ्वी सिंह बाना, कोषाध्यक्ष रितेश मुंजाल, उपप्रधान महावीर जांगड़ा, नरेश झाझड़ा, राम सिंह, संयुक्त सचिव सुभाष चहल ने पूर्व विधायक ढुड़ाराम को शाल ओढाकर आभार जताया। पूर्व विधायक ढुड़ाराम ने कालोनीवासियों को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी उनकी जो भी समस्या होगी वह उसका निदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर शंटी मोंगा, ललित मेहता, नंद किशोर सेठी, योगेश मेहता एडवोकेट, नितिन मुजांल, गुरबक्श झांब, इंद्रजीत कुब्बा, ललित गोसाई, वरूण बजाज, पारस कुलडिया, अजय सरदाना, मनोज भुक्कर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## एमएम कॉलेज में 'सामाजिक विकास में एनएसएस युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान

# सामाजिक विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा 'सामाजिक विकास में एनएसएस युवाओं की भूमिका' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस नई दिल्ली से यूथ ऑफिसर देसराज ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। एनएसएस ब्वॉयज के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकेश सेठी एवं एनएसएस गल्ज से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा ने मुख्यअतिथि का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। सेमिनार में काफी संख्या में एनएनसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि द्वारा कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा व उपप्रधान अशोक तनेजा ने भी सफल आयोजन पर एनएसएस टीम व स्वयंसेवकों को बधाई दी। कार्यक्रम में मंच संचालन रूपिन्द्र थिंद ने किया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण करते मुख्यातिथि व प्राचार्या।

### एनएसएस युवाओं को करता है जागरूक

सेमिनार को संबोधित करते मुख्य वक्ता देसराज ने कहा कि सामाजिक विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे सामुदायिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज के कमजोर वर्गों की मदद करते हैं, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हैं और साक्षरता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता सिखाता है, जिससे उनका व्यक्तित्व निखरता है और वे समाज और राष्ट्र के लिए जिम्मेदार नागरिक बनते हैं, जो सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को विभिन्न पहलूओं जैसे सामाजिक सेवा और सशक्तिकरण, जनजागरूकता फैलाना, व्यक्तित्व और नेतृत्व विकास, स्वास्थ्य और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता और आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

### ऑनलाइन डिलीवरी लेते समय बरतें सावधानी

**फतेहाबाद।** डिजिटल युग में जहां ऑनलाइन खरीदारी की सुविधाएं बढ़ी हैं, वहीं अपराध के स्वरूप भी बदलते जा रहे हैं। इसी संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से ऑनलाइन डिलीवरी लेते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कई अपराधी असत्यापित डिलीवरी एजेंट बनकर सीधे नागरिकों के घर तक पहुँच रहे हैं, जिससे सुरक्षा के गंभीर खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि हाल ही में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ के नेतृत्व में चलाए गए एक विशेष अभियान में यह तथ्य सामने आया कि विभिन्न ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉम्र्स से जुड़े 200 से अधिक डिलीवरी ब्वॉय आपराधिक पृष्ठभूमि वाले पाए गए हैं।